Seventeenth Loksabha

an>

Title : Railway stoppage.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): सभापति महोदय, कोविड के समय में कुछ ट्रेन्स में जीरो लगा कर स्पेशल ट्रेन्स बनाए गए और उनके किराये बढ़े । कुछ हॉल्ट्स पर जो ट्रेन्स उस समय रुक रही थीं, वे आज नहीं रुक रही हैं ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी मांग करना चाहता हूं कि बख्तियारपुर से गया चलने वाली ट्रेन नम्बर - 03625-26 जो पहले सभी हॉल्ट्स पर रुकती थी, उसे सभी हॉल्ट्स पर रोका जाए ।

दूसरा, 13233-34 दानापुर-राजगीर इंटरसिटी ट्रेन जो नालंदा रेलवे स्टेशन पर कोविड काल के पहले से रुकती थी, उसको बंद कर दिया गया है, उसको भी रोका जाए ।

12391-92, श्रमजीवी एक्सप्रेस जो पावापारी और सिलाव, पहले से रुकते रही है, उसका भी ठहराव बंद कर दिया गया है । मेरा अनुरोध है कि उसका ठहराव किया जाए, जिससे लोगों के आवागमन में सुविधा हो ।